This question paper contains **3** printed pages]

# FO—02—2023

## FACULTY OF ARTS

## M.A. (First Year) (First Semester) EXAMINATION

## APRIL/MAY, 2023

## (CBCS/New Pattern)

HINDI

Paper–I

(प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य भाग-1)

**(Wednesday, 3-5-2023)** **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

*Time— Three Hours* *Maximum Marks—75*

*N.B.* :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 10

(अ) चढ़ा असाढ़ गगन घन गाजा । साजा बिरह दुंद दल बाजा।
धूम स्याम धौरे घन धाए । सेत धुजा बगु पाँति देखाए॥
खरग बीज चमकै चहुँ ओरा । बुंद बान बरिसै घन घोरा।
अद्रा लाग बीज भुइँ लेई । मोहि पिय बिनु को आदर देई॥
ओनै-घटा आइ चहुँ फेरी । कंत उबारु मदन हौं घेरी।
पुरब नखत सिर ऊपर आवा । हौं बिनु नाह मंदिर को छावा॥

**अथवा**

हरिन इन्दु अरविंद करिनि हिम।
पिक बुझल अनुमानी॥
नयन वरन परिमल छवि तनुरुचि।
अओ अति सुललित बानी॥

P.T.O.

(आ) माया मुई न मन मुवा, मरि मरि गया सरीर। 10

आसा त्रिष्णा नाँ मुई, यौं कहि गया कबीर॥

कबीर सो धन संचिए, जो आगै कूँ होइ।

सीस चढ़ाए पोटली, ले जात न देख्या कोइ॥

**अथवा**

कबरी-भय चामरि गिरि-कन्दर।

मुख-भय चाँद अकासे॥

हरिन नयन-भय, सर-भय कोकिल।

गति-भय, गज वनबासे॥

2. कबीर के नामस्मरण संबंधी विचारों को विशद कीजिए। 20

**अथवा**

'पद्मावत' में व्यक्त नागमती की विरह व्यथा का विवेचन कीजिए।

3. टिप्पणियाँ लिखिए : 10

(अ) विद्यापति की भक्ति।

**अथवा**

'पद्मावत' का महाकाव्यत्व।

(आ) कबीर की गुरु महिमा। 10

**अथवा**

विद्यापति का नख-शिख वर्णन।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग पन्द्रह-बीस पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) चंदबरदाई का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(*ii*) अमीर खुसरो का जीवन-परिचय लिखिए।

4FAC7FA6E47151B695BF1134511E04F2

(*iii*) मीराबाई की भक्ति-भावना को विशद कीजिए।

(*iv*) रैदास के काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) 'पृथ्वीराज रासो' किसकी रचना है?

(*ii*) आदिकाल में मनोरंजन प्रधान विनोदी काव्य किसने लिखा है?

(*iii*) मीराबाई के पति का नाम क्या है?

(*iv*) रैदास ने किस पंथ की स्थापना की है?

(*v*) जगनिक किस काल के कवि हैं?

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) आ. रामचन्द्र शुक्ल ने हिन्दी का प्रथम कवि.........................को कहा है।

(*ii*) 'खालिकबारी' के रचनाकार कवि ......................... हैं।

(*iii*) मीराबाई की भाषा.........................है।

(*iv*) रैदास.........................काव्यधारा के कवि है।

(*v*) 'आल्हखंड'.........................की रचना है।



4FAC7FA6E47151B695BF1134511E04F2